अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2018
## (गणित)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 80 और 90 के बीच अभाज्य संख्याएँ हैं— **(1)**

(A) 81 और 83 (B) 83 और 87

(C) 81 और 89 (D) 83 और 89

**2.** 90° के कोण को कहते हैं— **(1)**

(A) न्यूनकोण (B) समकोण

(C) अधिक कोण (D) सरल कोण

**3.** वृत्त के किन्हीं दो बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखण्ड को कहते हैं— **(1)**

(A) परिधि (B) जीवा

(C) चाप (D) त्रिज्या

**4.** निम्नांकित में से 5 से विभाज्य संख्या है— **(1)**

(A) 2543 (B) 5678

(C) 5551 (D) 3775

**5.** 15% का भिन्न रूप होगा— **(1)**

(A) 3/20 (B) 20/3

(C) 4/20 (D) 5/20

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** राकेश ने वार्षिक परीक्षा में 65% अंक प्राप्त किए। यदि पूर्णांक 500 रहा हो, तो राकेश को कितने अंक मिले? **(1)**

**7.** समीकरण $3x - 5 = x + 3$ को हल कीजिए। **(1)**

**8.** यदि किसी वर्ग की एक भुजा 6 सेमी है, तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(1)**

**9.** $(x + 5)$ **(1)**

**10.** पटरी और परकार की सहायता से 60° का कोण बनाइए। **(1)**

**11.** संख्याओं 13, 39, 273 का म.स. ज्ञात कीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** एक साइकिल ₹1800 में बेचने पर 10% की हानि हुई। साइकिल का क्रय मूल्य क्या होगा? **(2)**

**13.** ₹500 का 3 वर्ष का 12% वार्षिक ब्याज की दर से साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए। **(2)**

**14.** $x(y - z) + y(z - x) + z(x - y)$ को सरल कीजिए। **(2)**

**15.** एक छात्रावास में 50 छात्रों के लिए 40 दिनों की भोजन सामग्री है। यदि छात्रावास में 30 छात्र और आ जाएँ, तो भोजन सामग्री कितने दिनों में समाप्त हो जाएगी? **(2)**

**16.** एक आयताकार गत्ते का क्षेत्रफल 117 वर्ग सेमी है। इसकी लम्बाई 13 सेमी है, तो गत्ते की चौड़ाई ज्ञात कीजिए। **(2)**

**17.** एक रेलगाड़ी जिसकी लम्बाई 270 मीटर है, एक खम्भे को 9 सेकण्ड में पार कर लेती है। उसकी चाल किमी प्रति घंटा में ज्ञात कीजिए। **(2)**

**18.** एक उद्यान में विभिन्न प्रजाति के फूलों के पौधे लगाए गए हैं। नीचे दी गई सारणी में इन पौधों की संख्या दी गई है। इन आँकड़ों को पिक्टोग्राफ द्वारा प्रदर्शित कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/ganit/2018

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/ganit/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN